हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 31 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 3.8 डिग्री

12 नगरपालिका ऑफिस पर ताला लगाने से पीछे हटे....



12 बारहवीं के छात्रों को दी विदाई विश्वमीत बना लोकप्रिय छात्र



## नियमों को रखा ताक पर: करनाल की घरौंडा अनाज मंडी में 2.56 करोड़ के धान घोटाले का खुलासा

# फर्जी वाहनों, गेट पास और रिकॉर्ड के सहारे हजारों क्विंटल धान की कागजी ढुलाई की

## वर्ष 2022-23 में अनाज मंडी घरौंडा में कुल 17,88,087.68 क्विंटल धान की खरीद दिखाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिले की घरौंडा अनाज मंडी में वर्ष 2022-23 के दौरान धान खरीद, परिवहन और कस्टम मिलिंग के नाम पर बड़े स्तर पर घोटाले का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया है कि 2.56 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का गबन फर्जी वाहनों, फर्जी गेट पास और कागजी रिकॉर्ड के जरिए किया गया।

जांच के अनुसार वर्ष 2022-23 में अनाज मंडी घरौंडा में कुल 17,88,087.68 क्विंटल धान की खरीद दिखाई गई। इसमें डीएफसी के माध्यम से 10,63,864.50 क्विंटल, एचएएफईडी के माध्यम से 2,70,293.56 क्विंटल, एचएसडब्ल्यूसी के माध्यम से 4,53,929.62 क्विंटल धान की खरीद दर्ज की गई। खरीद के बाद धान को कस्टम मिलिंग के लिए संबंधित राइस मिलों में भेजा जाना दर्शाया गया, लेकिन जांच में यह सामने आया कि बड़ी मात्रा में धान की ढुलाई केवल कागजों में ही दिखाई गई।



### वाहन मालिकों के बयान से खुली पोल

जांच के दौरान संबंधित एसडीएम कार्यालय और वाहन पंजीकरण रिकॉर्ड से जानकारी जुटाई गई। गांव फरियादपुर के इंद्रजीत, गांव उस्मान मोड़ा के गुरलाल सिंह और गांव कालराम के सुशील कुमार ने बयान दिए कि उनके वाहनों का कभी भी घरौंडा अनाज मंडी से धान ढुलाई में उपयोग नहीं हुआ और न ही उन्हें किसी प्रकार का किराया मिला। इससे स्पष्ट हुआ कि वाहन नंबरों का फर्जी इस्तेमाल कर सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी की गई।

### आउट गेट पास और ई-खरीद पोर्टल में हेरफेर

जांच रिपोर्ट के अनुसार ई-खरीद पोर्टल पर आउट गेट पास जारी किए गए और कस्टम मिलिंग के रिकॉर्ड पूरे दर्शाए गए। कागजों में यह भी दिखाया गया कि मिलिंग के बाद 67 प्रतिशत चावल भारतीय खाद्य निगम को आपूर्ति कर दी गई, जबकि जिन वाहनों से ढुलाई दिखाई गई, वे वास्तविक रूप से कभी इस कार्य में इस्तेमाल ही नहीं हुए।

### फर्जी वाहनों से धान ढुलाई का खेल

ई-खरीद पोर्टल और जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार कस्टम मिलिंग के लिए जिन वाहनों से धान भेजा गया दिखाया गया, वे वास्तव में भारी धान ढुलाई के योग्य ही नहीं थे।

**जांच में जिन वाहनों के नंबर सामने आए**

एचआर91ए-6169 (मोटरसाइकिल),
एचआर05पीवी-7877 (ऑल्टो कार),
एचआर79-2245 (मोटरसाइकिल),
एचआर12एसआर-4993 (स्कूटर) शामिल हैं।

इन हल्के वाहनों के नाम पर हजारों क्विंटल धान की ढुलाई दर्शाना पूरी तरह फर्जी पाया गया।

### 11,628.38 क्विंटल धान की कागजी ढुलाई

जांच में यह भी सामने आया कि कुल 11,628.38 क्विंटल धान की ढुलाई केवल कागजों में दर्ज की गई। इस धान की कीमत 2210 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लगभग 2,56,98,708 रुपये आंकी गई, जिसे सरकारी नीति के खिलाफ फर्जीवाड़े से गबन किया गया।

### जांच की प्रक्रिया

जांच में घरौंडा के तत्कालीन सचिव मार्केट कमेटी नरेश मान, घरौंडा उप केंद्र में तैनात तत्कालीन निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग संदीप कुमार, ट्रांसपोर्टर मैसर्ज सुखदेव एंड कंपनी तथा गिरिराज ओवरसीज राइस मिल कमला रोड घरौंडा, सिद्धि सिद्धि ओवरसीज राइस मिल कुटैल, नंदल ओवरसीज राइस मिल घरौंडा और लक्ष्मी राइस मिल घरौंडा की भूमिका सामने आई है।

### एफआईआर और आगे की जांच

सभी तथ्यों और रिकॉर्ड के आधार पर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो करनाल मंडल में मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण दर्ज होने के बाद एफआईआर की प्रमाणित प्रतियां उच्च अधिकारियों और न्यायालय को भेजी गई हैं। मामले की आगे की जांच निरीक्षक प्रवीण कुमारी को सौंपी गई है। यह मामला धान खरीद, परिवहन और मिलिंग की पूरी सरकारी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जांच एजेंसी का कहना है कि पूरे नेटवर्क की परतें खोलकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अंबाला शहर में धमकी देने के मामले में दो काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज व युवराज उर्फ युवी को गिरफ्तार किया है। नाहन हाउस के लव ने 5 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 सितंबर 2025 को पुरानी अनाज मंडी अंबाला शहर के पास आरोपी नीरज, युवराज उर्फ युवी व अन्य ने उसका तथा उसके चाचा के पुत्रों का रास्ता रोककर हमला करते हुए मारपीट करके चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हेमंत व मनीष कुमार उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। सेक्टर सात के अंकुर कुमार ने 28 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी हेमंत व मनीष कुमार ने इंद्रपुरी, माल गोदाम रोड अंबाला शहर गोदाम से बाथरूम की टोंटिया चोरी की हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### पानीपत में चार लाख की चेन चोरी, केस

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 निवासी सुरेंद्र कुमार ढींगडा के घर से उनकी करीब चार लाख रूपये कीमत की तीस ग्राम वजनी सोने से बनी चेन चोरी हो गई। सुरेंद्र ने बताया कि तीस अक्टुबर की रात को उन्होंने अपनी चेन को बैड की दराज में रखा था। यहीं से अज्ञात ने चेन चोरी की है। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर अज्ञात पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी के पास बाइक सवार पवन कुमार निवासी रामा कालोनी, वार्ड चार, सफीदों जिला जींद को कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पवन का करनाल के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, पवन के भाई यशपाल का आरोप है कि हादसा करने वाली कार का चालक नशे में था और वह पवन को मौके पर ही छोड कर फरार हो गया। इधर, यशपाल की शिकायत पर मतलौड़ा थाना पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब तस्करी करते पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने नरेश उर्फ राजकुमार पुत्र शामलाल निवासी पठानों वाला मोहल्ला, पानीपत को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। नरेश पर थाना किला में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। जबकि बरामद शराब की खेप को केस की जांच के लिए जब्त कर लिया गया।

## आठ एकड़ में विकसित हो रही थी चार अवैध कॉलोनियां, ढहाए निर्माण कार्य

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव शहजादपुर तथा कड़ासन, में लगभग 8 एकड़ में गैरकानूनी तरीके से विकसित की जा रही 4 कॉलोनियों में तोड़-फोड़ की। इस दौरान कॉलोनियों में बनी हुई कच्ची सडक़ों/इंटरलोकिंग टाइल रोड़ के जाल, 10 दुकानों, 1 प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस तथा 30 निर्माणाधीन भवनों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया।

जिला नगर योजनाकार की ओर से अमल में लाई गई कार्रवाई
■
प्रॉपर्टी कारोबारियों को दी गई चेतावनी

मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, कनिष्ठ अभियंता- अभिषेक कौशिक, क्षेत्रान्वेषक-रविंद्र, पटवारी- नेत्रपाल तथा एसएचओ इंफोर्समेंट भारी पुलिस बल के साथ मौका पर उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि वे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट/दुकान न खरीदें। उन्होंने कहा कि कुछ प्रॉपर्टी डीलर लोगों को सस्ती जमीन देने का लालच देकर उनका भारी नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे किसी भी झांसे में न आएं। इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना व बेचना पूरी तरह से गैरकानूनी है। अगर किसी ने चेतावनी के बावजूद ऐसी कॉलोनियों में प्लाट खरीदने के बाद निर्माण किया तो फिर उनके खिलाफ ऐसे ही कार्रवाई होगी।



अंबाला। अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### कंबास की बेटी ईशा ने भरी उड़ान, वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी

**बराड़ा।** कंबास गांव की बेटी ईशा का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता समेत परिवार, सरपंच व गांव में खुशी का माहौल है। गांव की सरपंच पूजा और अध्यापक जसबीर सिंह ने परिवार का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। ईशा के पिता सोमनाथ ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी बेटी ईशा ने एमएससी मैथ, एमए इंग्लिश के बाद कोचिंग ली। इसके बाद उसने फ्लाइंग ऑफिसर की परीक्षा दी जिसमें उसका पूरे देश में चौथा रैंक आया। सोमनाथ खुद हरियाणा पुलिस में हैं जबकि ईशा की मां संगीता गृहिणी हैं। ईशा की छोटी बहन एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है, जबकि उससे छोटी बहन नौंवी कक्षा में जबकि सबसे छोटा भाई छठी कक्षा में पढ़ता है।

## ज्ञान सागर ने राष्ट्रीय बैडमिंटन में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीता सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र सेक्टर 13 के ज्ञान सागर (73) ने राष्ट्रीय बैडमिंटन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया है। वह पिछले कुछ सालों में दर्जनों मेडल जीत चुके हैं। अब महाराजा अग्रसेन बैडमिंटन टूनार्मेंट के तत्वाधान में चंडीगढ़ सेक्टर 38 मल्टी स्पोर्ट्स परिसर में राष्ट्रीय टूनार्मेंट हुआ। जिसमें देशभर से आए 395 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया । ज्ञान सागर ने बताया कि उन्होंने बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिक्स डबल 150 प्लस आयु वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन कर विरोधी टीम को पछाड़कर सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि इस खेल में उनकी जोड़ी पंचकूला की उषा शर्मा (85) के साथ थी । ज्ञान सागर ने बताया कि उन्होंने 3 इवेंट में भाग लिया था मगर केवल मिक्स डबल्स में ही कामयाबी हासिल हुई।



■ राष्ट्रीय बैडमिंटन में सिल्वर मेडल दिखाते विजेता ज्ञान सागर।

### 17 राज्यों से पहुंचे थे खिलाड़ी

ज्ञान सागर में खुलासा किया कि टूनार्मेंट में एक खिलाड़ी 4 इवेंट में भाग ले सकता है। टूनार्मेंट में 35 प्लस आयु वर्ग से लेकर 80 प्लस आयु वर्ग तक के खिलाड़ी पहुंचे हुए थे। टूनार्मेंट में मिक्स डबल्स के अलावा पुरुष वर्ग और महिला वर्ग के अलग-अलग प्रतियोगिताएं थी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में देशभर से 17 स्टेट के खिलाड़ी थे जिनमें हरियाणा पंजाब के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कोलकाता के भी खिलाड़ी पहुंचे थे ।

## सिंगापुर भेजने के नाम पर युवती से हड़पे साढ़े पांच लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

सिंगापुर भेजने के नाम पर गांव मुसींबल निवासी अलका से साढ़े पांच लाख रुपये हड़प लिए। आरोप आकाश व सागर कुमार पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मुसींबल निवासी अलका ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात आकाश व सागर कुमार के साथ हुई। एक दिसंबर 2024 को आरोपी उससे उनके गांव में मिले। जहां आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए सिंगापुर भेज देंगे। जहां पर करीब साढ़े पांच लाख रुपये का खर्च आएगा। इस दौरान आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके साढे पांच लाख रुपये और उसके दस्तावेज ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे सिंगापुर नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से इस बारे बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे मगर उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। दोबारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने मामले की सूचना थाना छप्पर पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■
पुलिस ने दो आरोपी लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

### सीएम ने श्री विष्णु भगवान के गर्भ ग्रह की परिक्रमा की




**कुरुक्षेत्र में तिरुपति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर बना प्रमुख केंद्र**

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में तिरुपति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर, उत्तर भारत के श्रद्धालुओं के लिए भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना हेतु एक प्रमुख केंद्र के रूप में बनाया गया है। मानव जाति के उत्थान के लिए गीता का उपदेश भी इसी धरा से भगवान श्री कृष्ण ने दिया था। अब इस धरा पर विष्णु भगवान के दर्शन भी संभव हुए हैं। यह अद्भुत संयोग उत्तर भारत के लोगों के लिए बहुत बड़ा उपहार है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र स्थित तिरुमला तिरुपति देवस्थानम श्री वेंकटेश्वर स्वामी मन्दिर में वैकुंठ एकादशी के अवसर पर पहुंचे।

## पतंग लूटने के दौरान वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आया बच्चा

**करनाल।** सोमवार शाम दर्दनाक हादसे में पतंग लूटने के दौरान रेलवे ट्रैक तक पहुंचे 9 वर्षीय बच्चे की वंदे भारत की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। घटना रेलवे स्टेशन के पास स्थित शिव कॉलोनी क्षेत्र की है। शिव कॉलोनी निवासी 9 वर्षीय आरकेजी घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान उड़ती हुई पतंग रेलवे लाइन की ओर चली गई। पतंग लूटने के प्रयास में बच्चा दौड़ता हुआ रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया। उसी समय तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेन वहां से गुजर रही थी, जिसकी चपेट में आने से बच्चे की मौके पर मौत हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि बच्चे का शरीर क्षत-विक्षत हो गया।



■ रेलवे ट्रैक पर पहुंचते ही हुआ हादसा मौके पर ही मासूम की चली गई जान

### परिजनों का हाल बेहाल

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर बिखरे शव के हिस्सों को समेटकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जीआरपी जांच की जा रही है।

## दिन भर चलती रही शीतलहर और आसमान में छाए रहे धुंध के बादल

# मौसम में बनी कड़ाके की ठंड में सहारा बने अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में पिछले दस दिन से आए दिन सुबह से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाएं रहने, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड से लोग त्रस्त हो चुके हैं। मंगलवार को अल सुबह से लेकर दोपहर ग्यारह बजे तक जहां घना कोहरा छाया रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने और दिन भर शीतलहर चलने से लोग जगह जगह अलाव जलाकर सेंकते नजर आए। आलम यह रहा कि मौसम में ठंड बढ़ने से मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रह गया।

मंगलवार अल सुबह से ही घना कोहरा छा गया और शीतलहर अपने पूरे यौवन पर चलने लगी व आसमान में धुंध के बादल छा गए। इस दौरान लोगों को लगा कि कुछ देर बाद शायद धुंध के बादल छंट जाएंगे और धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिलेगी। मगर दोपहर दो बजे तक आसमान में धुंध के बाद छाए रहे। दोपहर बाद कुछ देर के बाद सूर्य देव के कुछ देर के लिए दर्शन हुए। मगर हल्की धूप खिली होने से लोगों को ठंड से कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद शाम चार बजे के करीब फिर से सूर्यदेव आसमान में धुंध के बादलों में औझल हो गए और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।



■ ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग।

■ मौसम में ठंड बढ़ने से जिला का तापमान गिरकर पहुंचा न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस

### ठंड की बीमारियों से जकड़े लोग

मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से चिकित्सकों ने लोगों को मौसम में बढ़ रही ठंड से बचाव को लेकर गर्म पानी पीने और गर्म वस्त्र शरीर पर पहनकर बाहर निकलने की सलाह दी है। मौसम में कड़ाके की ठंड बढ़ने से बच्चे व बुजुर्गों समेत अन्य पुरुष व महिलाएं ठंड की बीमारियों जुखाम, बुखार, निमोनिया व खांसी आदि की चपेट में जकड़ने लगे हैं।

अस्पतालों में ठंड की बीमारियों से पीड़ति मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित ने ठंड के मौसम में बच्चों को गर्म पानी पिलाने व उनके खानपान का उचित ध्यान रखने के लिए सलाह दी है।

### तापमान में आई गिरावट

मंगलवार को जिले का तापमान अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## ट्रक की टक्कर लगने से यमुनानगर काम की तलाश में आए युवक की मौत

### दामला के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** गांव दामला के पास ट्रक की टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक बिहार से 25 दिसंबर को यमुनानगर काम की तलाश में आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी मनोज पासवान ने बताया कि वह वह कई वर्षों से दामला में रहता है और प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता है। उसका छोटा भाई 32 वर्षीय बाबू लाल 25 दिसंबर को यमुनानगर काम की तलाश में आया था। वह अपने दोस्त के साथ फैक्ट्री में काम की तलाश कर रहा था।

सोमवार को वह जब काम की तलाश में जा रहा था तो गांव दामला के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार की टक्कर लगने से दंपति घायल

गांव भेड़थल निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी मीना देवी के साथ दोपहर तीन बजे किसी काम से व्यासपुर जा रहा था। इस दौरान व्यासपुर पुराना पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

**खबर संक्षेप**



## रस्साकशी प्रतियोगिता में सढ़ुरा टीम रही विजेता

**रादौर।** सांसद खेल महोत्सव के तत्वावधान में रादौर क्षेत्र में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में मंगलवार को रस्सा कस्सी में गांव सढ़ुरा की विजेता टीम को रोटरी क्लब रादौर व गुरुकुल खरकाली की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल खरकाली के चेयरमैन डा. अमन पंजेटा मुख्यरूप से मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता गांव सढ़ुरा के सरपंच जसविंदर सिंह की देखरेख में आयोजित करवाई जा रही है। चेयरमैन डा. अमन पंजेटा ने विजेता टीम को 11 हजार रुपये की राशि भेंट कर सम्मानित किया। वहीं रोटरी क्लब की ओर से सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एटीएम पर व्यक्ति से ठगे 33 हजार रुपये

**यमुनानगर।** शहर की आनंद मार्केट स्थित एचडीएफसी एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने आए सतीश चंद्र शर्मा से अज्ञात युवक ने धोखाधड़ी करके 33 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सतीश चंद्र शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 दिसंबर को शात पौने सात बजे उसे पैसों की जरूरत थी। इस दौरान वह आनंद मार्केट स्थित एचडीएफसी एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए आया। वहां पर एक युवक पहले से मौजूद था। उसने एटीएम से 33 हजार रुपये निकलवा लिए। इस दौरान आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उससे 33 हजार रुपये ले लिए।

## हुडदंगबाजी करने वालों पर रहेगी नजर : एसपी

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने जिला के सभी पर्यवेक्षक अधिकारी, थाना प्रबंधक चौकी, इंचार्ज अपराध यूनिटस प्रभारियों को नव वर्ष के लिए कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। नववर्ष को देखते हुए जिला पुलिस के द्वारा किसी भी अप्रिय घटना व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी व व्यापक स्तर पर पुलिस प्रबंध किए गए हैं, ताकि जिला कुरुक्षेत्र के सभी जिलावासी नव वर्ष को पूरे उत्साह और खुशी के साथ मना सकें।

## सेवा हृदय को निर्मल करती है : श्री प्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** निष्काम भाव से की गई सेवा हृदय को निर्मल करती है, अहंकार, स्वार्थ और मोह से मुक्ति दिलाती है और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। निष्काम सेवा समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की मदद करती है, जिससे मानवता का कल्याण होता है और समाज में प्रेम व सद्भाव बढ़ता है। निष्काम सेवा ही मानव जीवन की वास्तविक साधना है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्री प्रकाश मिश्र ने मानव जीवन में निष्काम सेवा का महत्व विषय पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित सेवा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा निष्काम सेवा में ही परम उद्देश्य होता है।

### 2026 में जिले को मिल सकती हैं हजारों करोड़ की परियोजनाएं

# यमुनानगर से पिहोवा तक मार्ग फोरलेन बनने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नव वर्ष 2026 के शुरु होने में अब मात्र चंद घंटे ही शेष बचे हैं। ऐसे में नई उम्मीदों, नई खुशियों और नई संभावनाओं के लिए नव वर्ष के आगमन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नव वर्ष में जिलेवासियों को करोड़ों रुपये की स्वास्थ्य सेवाओं समेत अन्य परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। हरियाणा सरकार द्वारा जिले के गांव पांजूपुर में बारह सौ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे गुरु तेग बहादुर सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। नर्सिंग छात्रावास ब्लॉक का कार्य 95 प्रतिशत और अस्पताल ब्लॉक का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण कार्य अभी चल रहा है। इस मेडिकल कॉलेज का कार्य मार्च 2026 के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। निर्माण पूरा होने पर एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया अगले शैक्षणिक सत्र से शुरू हो जाएगी। जिससे क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह जिले के लिए सबसे बड़ी और महंगी परियोजना है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का उदघाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 25 सितंबर 2023 को किया था। तब लगभग 30 महीनों में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन इसमें थोड़ी देरी हुई है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीट होंगी। साथ ही 500 बिस्तरों वाला अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और फिजियोथेरेपी संस्थान का निर्माण किया जा रहा है।





**यमुनानगर।** श्री गुरु तेग बहादुर सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज का बनाया जा रहा भवन व यमुना नदी के नगली घाट पर यूपी व हरियाणा को जोड़ने के लिए बनाए गया पुल शुभारंभ की जोहता हुआ बाट।

### स्वास्थ्य सेवाएं

जिले के साढौरा में 50 बेड के अस्पताल का नया भवन करीब 33 करोड़ रुपये की लागत से 18 कनाल 18 मरले पर बनाया जा रहा है। इस अस्पताल पर खंड के 80 गांवों की 90 हजार आबादी निर्भर है। इस भवन काफी कार्य पूरा हो चुका है। जिसके 2026 में पूरा होने की संभावना है। वहीं, अकबरपुर में अधूरे पड़े 30 बेड के सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का निर्माण कार्य अगामी कुछ माह में पूरा हो जाएगा।

अधूरे भवन को पूरा करने पर करीब सवा तीन करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिले में अन्य स्वास्थ्य सेवाएं शुरु किए जाने की उम्मीद है। -करोड़ों की लागत से बन रहे कैल वाया ताजेवाला नेशनल हाईवे की मिल सकती है सौगात केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा करीब तीन वर्ष पहले उद्घाटन किए गए कैल से ताजेवाला तक के नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इस नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य 2026 में पूरा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस मार्ग के शुरु होने से हिमाचल, उत्तर प्रदेश व हरियाणा समेत अन्य राज्यों का सफर आसान होगा और क्षेत्र में रोजगार की संभावना बढ़ेंगी। -ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य भी हैं उम्मीदें जिले में इस वर्ष ट्रांसपोर्ट नगर बनाए जाने, यमुनानगर से कुरुक्षेत्र तक फोरलेन बनाए जाने, नगर निगम का नया भवन बनाए जाने की उम्मीद है।

**नए सेक्टर बनेंगे**

ट्विन सिटी में वर्ष 2031 तक कुल 39 सेक्टर बनने हैं। यह सफर लंबा है। लेकिन इस साल में लोगों को कई नए सेक्टरों का तोहफा मिलने की उम्मीद है। सेक्टरों के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। उम्मीद की जा रही है कि नए सेक्टरों में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**दो राज्यों को जोड़ने वाला पुल मिलेगा**

*- यमुनानदी के नगली घाट पर 105 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए यूपी व हरियाणा को जोड़ने वाले करीब एक किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पुल के दोनों तरफ अभी केवल करीब एक किलोमीटर की सड़क बनाई जानी है। जिसके बाद पुल का शुभारंभ हो सकेगा। आशंका व्यक्त की जा रही है कि नव वर्ष में इस पुल की भी लोगों को सौंगात मिल सकेगी। इस पुल के शुभारंभ होने से जहां हरियाणा के किसानों को अपनी यूपी सीमा स्थित कृषि भूमि में जाने के लिए आसानी होगी, वहीं, साथ लगते दोनों प्रदेशों के लाखों लोगों को आवागमन में आसानी होगी।*



**यमुनानगर।** कस्बा रादौर के तहसील कार्यालय में टूटा पड़ा शौचालय का दरवाजा।

## तहसील कार्यालय में खस्ताहाल शौचालय, आम जनता परेशान

**लोग बोले- अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान**

- शौचालय के पाइप और दरवाजे टूटे पड़े, ठीक नहीं करवा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ .रादौर

तहसील रादौर में सार्वजनिक शौचालय काफी दिनों से खस्ताहाल स्थिति में है। बावजूद इसके अधिकारी गंभीर नहीं है। आलम यह है कि तहसील के शौचालयों के दरवाजे टूटे होने से आम जनता को मुश्किलो का सामना करना पड़ता है। तहसील में हजारों की संख्या में लोग अपने कार्य करवाने के लिए आते है। किसी को यदि शौचालय जाना हो तो वह कैसे जाये। अधिकारी व कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। महसील कार्यालय में पहुंचे सन्नी, राजीव, धर्मपाल, सुरेश, सचिन, गोपाल, दिनेश आदि ने बताया कि तहसील रादौर मे शौचालयों की हालत बहुत खराब है। शौचालय के पाईप टूटे पड़े है। वहीं शौचालयों में दरवाजे टूट चुके है। जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। तहसील परिसर में जंगली घास भी उगी हुई है। जिस कारण जहरीले जानवरो के चलते कभी भी कोई हादसा हो सकता है। तहसील रादौर में लाखों रूपये का काम हर रोज किया जाता है। परंतु तहसील अधिकारी जनता की सुविधाओं की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। जब रेवेन्यू विभाग पैसा लोगों से कमा रहा है। तो उनको जनता की सुविधा का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द शौचालयों के दरवाजे ठीक करवाये जाये। वहीं तहसील परिसर में उगी घास को जल्द से जल्द साफ करवाया जाये। जिससे जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खजूरी में सद्भावना सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

मानव उत्थान सेवा समिति शाखा जगाधरी के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर एक जनवरी को गांव खजूरी में सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

उक्त जानकारी समिति के जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल ने रादौर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोगों को सम्मेलन में पहुंचने के लिए आमंत्रित करते हुए दी। जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल ने कार्यक्रम को लेकर गांव दोहली, कलेसरा, पूर्णगढ़, खेड़की, अलाहर, गुमथला व अलीपुरा का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि सद्भावना संत सम्मेलन में अध्यात्म सम्राट परम पूज्य श्री सतपाल जी महाराज के परम शिष्य महात्मा सिंधु बाई, महात्मा मेघनाबाई, महात्मा सपना बाई हरिद्वार से उपस्थित होंगे। वह महाभारत व रामायण पर आधारित सार गर्भित सत्संग कर लोगों को प्रवचन करेंगे। उन्होंने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति पूरे भारतवर्ष में सद्भावना सम्मेलनों, यात्राओं एवं जनसंपर्क अभियानों के द्वारा अध्यात्म ज्ञान की ज्योति को जन-जन में प्रज्ज्वलित करने के लिए परिश्रम कर रही है। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। सत्संग के उपरांत भंडारे का आयोजन होगा।



**यमुनानगर।** के गांव दोहली में कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते जिला प्रधान अजब सिंह पांचाल व अन्य।

## शिकायत लंबित रखने वाले अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ होगी कार्रवाई : प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सीएम विंडो व समाधान शिविर में पहुंची लंबित शिकायतों के समाधान को लेकर नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद ने की। उन्होंने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को समाधान शिविर में आई शिकायत को अधिक समय तक लंबित रखने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सुशासन की नीति के तहत आमजन की शिकायतों का बिना किसी देरी के निवारण करने के लिए सरकार ने समाधान शिविर व सीएम विंडो प्रणाली स्थापित की गई है। समाधान शिविर व सीएम विंडो पर नगर निगम से संबंधित आने वाली प्रत्येक शिकायत को अधिकारी गंभीरता से ले। समाधान शिविर व सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज होते ही संबंधित अधिकारी व कर्मचारी समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें। इन शिकायतों का समाधान निर्धारित समय अवधि में करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी शाखाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों से लंबित शिकायतों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि समाधान शिविर व सीएम विंडो पर गली व नालियां बनवाने, अवैध कब्जे हटवाने समेत अन्य समस्याओं संबंधित शिकायतें आ रही है। अवैध कब्जों व अन्य लंबित शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। विकास कार्यों संबंधित शिकायतों पर मौका मुआयना कर एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** बैठक लेते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

**ये रहे मौजूद**

*मौके पर निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, कार्यालय अधीक्षक संजय कुमार, सहायक अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, मृणाल जायसवाल, दीपक कुमार व सुरेंद्र दहिया आदि मौजूद रहें।*

## नेशनल हाईवे पर रास्ता दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन व किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल हाइवे अथारिटी द्वारा पोटली गांव के नजदीक बनाए जा रहे नेशनल हाइवे पर रास्ता दिलाए जाने की मांग को लेकर उपायुक्त प्रीति से भेंट की। उपायुक्त प्रीति ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया है।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा व जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर के नेतृत्व में किसान विनोद डांगी, रोशन लाल पोटली, यादविंदर कांबोज, महेंद्र, जंगशेर राणा, पवन गोयल, सतपाल सैनी, रविन्द्र पाल सिंह व खेम सिंह आदि किसान उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त प्रीति से भेंट की और उन्हें नेशनल अथारिटी द्वारा पोटली गांव के नजदीक से बनाए जा रहे नेशनल हाइवे पर रास्ता दिलाए जाने की समस्या से अवगत करवाया। किसानों ने बताया कि पोटली गांव के नजदीक से नेशनल हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। मगर नेशनल हाइवे से होकर अपने खेतों में जाने के लिए किसानों को रास्ता नहीं दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के किसान परेशान हैं।



**यमुनानगर।** उपायुक्त से भेंट करता भाकियू का प्रतिनिधिमंडल।

**समाधान करवाएंगे**

उपायुक्त प्रीति ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि यह मामला हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में है। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों को आश्वत करते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मार्ग में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी के मुख्यालय से बातचीत की जा रही है। किसानों एवं ग्रामीणों की मांगों का पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह व नेशनल हाईवे अथॉरिटी के उप प्रबंधक विशाल केसरवानी भी मौजूद रहे।

## सोलर पैनल के लिए दे रहे अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

बीडीपीओ कार्यालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम सचिवों व सरपंचों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीपीओ सिमरन भटनागर ने की।

बीडीपीओ सिमरन भटनागर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत बीपीएल परिवारों को सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। जिससे लोग अपने आप ही बिजली का उत्पादन कर सकते है। सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकार ऋण की सुविधा भी प्रदान कर रही है।

जिसकी मासिक किस्त दो से ढाई हजार रूपये आयेगी। उन्होंने सभी ग्राम सचिव और सरपंचों को इस बारे लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम सचिव संजीव चड्ढा, ग्राम सचिव राकेश शर्मा, सरपंच बीर सिंह जठलाना, सरपंच जसविंदर सिंह सढुरा, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में मुफ्त बिजली योजना के बारे में बताते हुए बीडीपीओ सिमरन भटनागर।

## ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया गांव में काम न करने का आरोप

**रादौर।** गांव अलाहर में गलियां की हालत बहुत खस्ता है। अब तो ग्रामीणों का कहना है कि टूटी टूटी गलियां रात को अंधेरा गांव की पहचान बन चुका है। ग्रामीण सुनील प्रधान, प्रवेश कांबोज, दिपांशु, सतबीर, राजेंद, ऊषा, शिवानी आदि ने बताया कि खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट पंचायत की लापरवाही की कहानी बया कर रही है। पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि कई बार सरपंच को टूटी नालियों, गलियों व खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटो की शिकायत कर चुके है। फिर भी सरपंच का इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच ने अपना निवास रादौर में बनाया हुआ है। ग्रामीणों को अपने काम करवाने के लिए रादौर में आना पड़Pता है। जिससे ग्रामीण बहुत परेशान है।



**दौरा** | **बाढ़ ग्रस्त इलाके में बाढ़ रोकथाम के लिए डीसी ने किया निरीक्षण**

## यमुना नदी के तटबंधो को मजबूत करने के लिए लगाएं स्टड : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुना नदी के बाढ़ ग्रस्त इलाके में बाढ़ रोकथाम के लिए नदी के किनारों पर स्टड लगाए जाने के लिए उपायुक्त प्रीति ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने उक्त निर्देश यमुना नदी के बाढ़ ग्रस्त इलाके का औचक निरीक्षण करते हुए दिए। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। उपायुक्त प्रीति अन्य अधिकारियों के साथ सबसे पहले गांव टापू कमालपुर, पोबारी, घोड़ो पीपली व लापरा में पहुंची। इस दौरान उपायुक्त ने गांव टापू कमालपुर, उन्हेड़ी, लापरा व नकुम गांव में लोगों से बातचीत की। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि इस वर्ष बाढ़ बचाव कार्य जल्द से जल्द मानसून सीजन से पहले पूर्ण करवा दिए जाएंगे। इसके बाद उपायुक्त ने उत्तर प्रदेश की सीमा से लगते गांव घोड़ों पिपली व पोबारी में पंहुचकर लोगों की समस्याएं सुनी। गांववासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में यमुना नदी विकराल रूप धारण करती है और किसानों की खेतों की जमीन यमुना नदी में समा जाती है। इस बार भी यमुना नदी में अधिक मात्रा में पानी आने की संभावना है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को यमुना नदी के किनारों को मजबूत करने के बारे में अनुरोध किया। डीसी ने कहा कि जहां भी यमुना नदी में कटाव हुआ है। वहां तटबंधों को मजबूत करने स्टड लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



**यमुनानगर।** के बाढ़ प्रभावित इलाके का निरीक्षण करके दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार, जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता, नायब तहसीलदार रादौर अनिल कुमार, बीडीपीओ जगाधरी दीपांशु जिंदल व सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी जसविंदर सिंह आदि मौजूद थे।*

## वाहन चोरी के मामले 12 प्रतिशत घटे, सामान्य चोरी के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई

# कुरुक्षेत्र पुलिस के लिए उपलब्धियों भरा रहा 2025, अपराधों में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अपराधों की रोकथाम में जिला पुलिस के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा। कुरुक्षेत्र पुलिस की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप वर्ष 2025 के दौरान जिला में 2024 की तुलना में गृह भेदन, स्नेचिंग, वाहन चोरी, साधारण चोरी जैसे अपराधों में कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान वाहन चोरी के 657 मामले सामने आए थे वहीं वर्ष 2025 में 572 मामलें सामने आए हैं। वर्षभर में वाहन चोरी के मामलों में 12 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान छीनाझपटी के 67 मामले सामने आए थे वही वर्ष 2025 में 60 मामलें सामने आए हैं जिनमे वर्षभर में 10 प्रतिशत की कमी आई है।

इसी प्रकार वर्ष 2024 के दौरान गृह भेदन के 350 मामले दर्ज हुए थे वही वर्ष 2025 में 325 मामलें दर्ज हुए हैं जिनमे वर्षभर में 7 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान सामान्य चोरी के 310 मामले सामने आए थे वही वर्ष 2025 में 233 मामलें सामने आए हैं। वर्षभर में सामान्य चोरी के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई है।



कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### रात्रि गश्त और चेकिंग से वाहन चोरी के मामलों में आई उल्लेखनीय कमी

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले दिनों कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा एक नई पहल की गई थी। पुलिस की दैनिक डयूटियों के अतिरिक्त दिन व रात्रि के समय अलग से गस्त लगाई गई थी। गस्त ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी सार्वजनिक स्थानों पर बिना नम्बर प्लेट/बिना पैटर्न नम्बर प्लेट के वाहन चलाने वाले, बुलेट से पटाखे बजाने वाले, बिना साइलेंसर दोपहिया वाहन चलाने वाले, रात्रि के समय सड़कों पर बेवजह घूमने वाले, शरारती तत्वों पर नजर रखी गई तथा नियम अनुसार उनके खिलाफ कारवाई की गई। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय सड़कों पर घूमने वाले अनजान लोगों से पूछताछ की गई जिसके परिणाम स्वरुप वर्ष 2025 के अंतिम छः माह के दौरान वाहन चोरी के मामलों में भारी गिरावट देखने को मिली है। वर्ष 2025 के दौरान वाहन चोरी के मामलों में 43 प्रतिशत की कमी आई है।

### अपराधों को जड़ से मिटाना लक्ष्य : नीतिश अग्रवाल


पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पुलिस का प्रयास केवल अपराधों पर अंकुश लगाना ही नहीं बल्कि समाज की मानसिक प्रवृति में बदलाव कर अपराधों को जड़ से मिटाना है। जैसा कि पुलिस का स्लोगन है सेवा, सुरक्षा और सहयोग उसी पर कार्य करते हुए महिलाओं और कमजोर वर्ग को उनके अधिकारों कानून के बारे में जागरूक किया जाकर अपराधों में कमी लाई जा रही है। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा इस तरह के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। कुरुक्षेत्र पुलिस का हरसंभव प्रयास है कि पीड़ति को बिना किसी भेदभाव व बिना देरी किए उचित न्याय दिलाया जाए।

## खबर संक्षेप



### सर्दी के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को जूते एवं अन्य सामान किया वितरित

कुरुक्षेत्र। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू एवं उनके परिवार द्वारा अग्रवाल समाज के लिए किए गए जनहित कार्यों को भी याद किया गया। इसी अवसर पर सर्दी के मौसम को देखते हुए असहाय एवं जरूरतमंद परिवार के करीब डेढ़ सौ से अधिक स्कूली बच्चों को हरवर्ष की भांति जूते एवं अन्य सामान भी वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान विश्वपाल गोयल टिक्कू एवं उनके परिवार के सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया गया। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला, विशेष गर्ग, गौरव तायल, कुलवंत गर्ग, नवकेतन गोयल, नितिन गोयल, शुभम गोयल, माणिक गोयल, अभिनव अग्रवाल, तनुज काठपाल, राजेश्वर गोयल इत्यादि भी मौजूद रहे।




### किडजी स्कूल में धूमधाम से मनाया नववर्ष

लाडवा। किडजी और रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में नववर्ष का जश्न बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने नाच-गाते हुए 2025 साल को विदा किया और 2026 साल का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दिन को पूरी दुनिया के लोग त्योहार के रूप में मनाते हैं। लोग इसे अपनी-अपनी संस्कृति और सभ्यता के हिसाब से मनाते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने विद्यार्थियों और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रों के मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शीतकालीन अवकाश की घोषणा भी की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। स्कूल की कोर्डिनेटर प्रभा, मुस्कान मग्गो, गीता, शिवानी, वर्षा, गौरव, गरिमा अरोड़ा, वंदना, महक शर्मा, सिमरन, सोनिया, रविंदर, डोली, निशु, शैलवी, सरबजीत, स्वाति, कविता, सिमरन, गीता शर्मा, पल्लवी शर्मा, महक शर्मा, हिमांशी, सुनीता, गरिमा, भावना आदि अध्यापिकाएं मौजूद थीं।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रों ने किए विचार व्यक्त

कुरुक्षेत्र। विद्यालय स्तर पर आत्मनिर्भर भारत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक एवं रचनात्मक मौलिक प्रतिभा का परिचय देते हुए सुंदर निबंधों की रचना की। इस प्रतियोगिता में विद्यालय स्तर कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों की अद्भुत लेखन क्षमता से प्रसन्न होकर कहा कि विद्यालय स्तर पर होने वाली इस तरह की हिंदी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को अवश्य भाग लेना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में सर्वांगीण विकास के साथ-साथ मौलिक चिंतन शक्ति का भी विकास होता है। अंत में, उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर जिला स्तरीय संयोजक श्री कपिल शर्मा, हिंदी विभागाध्यक्ष श्री कुलदीप मलिक, प्रतियोगिता कोर्डिनेटर नवदीप मान, हिंदी अध्यापक सहदेव, रविन्द्र एवं पवन को बधाई सम्प्रेषित की। साथ ही प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग से हर्षवर्धन ने प्रथम स्थान, दर्श पटेल द्वितीय व रचित राठी तृतीय स्थान एवं कनिष्ठ वर्ग से प्रलव्य ने प्रथम, ऋषभ ने द्वितीय और युवराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मां शाकंभरी देवी जन्मोत्सव तीन को

कुरुक्षेत्र। मां शाकंभरी देवी सेवक मंडल,कुरुक्षेत्र द्वारा मां शाकंभरी देवी जन्मोत्सव 3 जनवरी को हर्षोल्लास से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष अशोक शर्मा बाली एवं सचिव चंद्रमौलि गौड़ ने बताया कि शनिवार को नरकातारी रोड स्थित मां शाकंभरी देवी मंदिर में सुबह 8 बजे हवन, 10 बजे हवन पूणार्हुती, 10:15 बजे भजन-संकीर्तन, 12:30 बजे कन्या पूजन और 1 बजे भंडारा आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कॉर्डिनेटर तुषार सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस अनुष्ठान को लेकर मंदिर संरक्षक रामपाल सैनी, पुजारी पंडित रमेश चंद्र ब्रजवासी, गुलशन दहिया, भगवती देवी, अनिता शर्मा, सागर, श्वेता शर्मा और उर्वशी सहित कई श्रद्धालु तैयारियों में लगे हुए हैं।

### ड्रीम्स परियोजना के प्रमुख शोधकर्ता सम्मानित

कुरुक्षेत्र। एएनआरएफ-पीएआईआर योजना के अंतर्गत वित्तपोषित ड्रीम्स परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की एक अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली प्रस्तुति हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू), शिमला में आयोजित हब एवं स्पोक संस्थानों की एक दिवसीय रिव्यू कमेटी-सह-वर्कशॉप के दौरान की गई। इस महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन में देश के विभिन्न संस्थानों से जुड़े शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों एवं शोधकतार्ओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

## कुवि की कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 17 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

# कार्यकारिणी परिषद में 6 शिक्षकों को मिली सीनियर प्रोफेसर पद पर पदोन्नति

17 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में मंगलवार को कुवि कार्यकारिणी परिषद (एक्जीक्यूटिव काउंसिल) की बैठक कमेटी रूम में आयोजित की गई जिसमें 17 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। बैठक में पिछली कार्यकारी परिषद की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा उस पर हुई कार्यवाही की समीक्षा की गई। कार्यकारी परिषद ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों एवं संस्थानों में सीनियर प्रोफेसर, प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर पदों पर पदोन्नति से संबंधित चयन समितियों की संस्तुतियों का भी अनुमोदन किया गया।



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

बैठक में सोशल वर्क विभाग के प्रोफेसर रमेश भारद्वाज, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर अनिल मित्तल, जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर ए.आर.चौधरी, इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार राणा, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर अरविन्द कुमार मलिक तथा फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर आर.के.मोदगिल को सीएएस के तहत सीनियर प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई। इसके साथ ही यूआईईटी के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील ढींगरा को एसएफएस (सीएएस) के तहत एसोसिएट प्रोफेसर व आईआईएचएस की सहायक प्रोफेसर डॉ. कुलविन्द्र कौर को सीएएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति को मंजूरी प्रदान की गई। कार्यकारिणी परिषद में इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के प्रोफेसर परमेश कुमार को इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायरनमेंटल स्टडीज का निदेशक नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इसके साथ ही डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. हरजीत सिंह को एक वर्ष की अवधि के लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए देश व विदेश में आयोजित सम्मेलन, सेमिनार, संगोष्ठी एवं कार्यशालाओं में भाग लेने हेतु नई एआरए गाइडलाइंस को स्वीकृति दी गई। साथ ही विधि संस्थान के निदेशक का प्रभार प्रो. अमित लूदरी, प्रोफेसर, विधि विभाग को सौंपने पर सहमति बनी। बैठक में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) से जुड़े प्रस्ताव में संशोधन करते हुए ऑनलाइन एवं ओडीएल कार्यक्रमों में विभिन्न निधियों के समान उपयोग को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। कार्यकारी परिषद ने गृह विज्ञान विभाग में डॉ. देवेंद्र कुमार, सहायक प्रोफेसर को विभागाध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। विश्वविद्यालय भवनों के नामकरण से संबंधित डीन समिति की संस्तुतियों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही सेल्फ फाइनेंसिंग स्कीम (एसएफएस) के अंतर्गत पुस्तकालय कर्मचारियों के पदों के पुनर्गठन, पदोन्नति तथा राज्य सरकार की स्वीकृति उपरांत आगे की कार्रवाई से संबंधित प्रस्तावों पर भी परिषद में चर्चा की गई।

### इन्हें दी मंजूरी

कार्यकारिणी परिषद ने आईआईएचएस की बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर (डॉ.) अनीता रानी दुआ, प्रोफेसर, के पुनर्नियोजन (री-एम्प्लॉयमेंट) के अनुरोध पर विचार किया। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त तकनीकी सलाहकार (सिविल) सत्य पाल सिरोहा की सेवाओं में छह माह के विस्तार को मंजूरी दी गई। परिषद ने इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार के पुनर्नियोजन को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में आईआईएचएस के रसायन विज्ञान एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार दुबे को एक वर्ष की अवधि के लिए केयू फोरन सर्विस रूल्स के तहत डेपुटेशन पर भेजने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं मुख्यमंत्रीः सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए 'अंत्योदय' के मार्ग पर चल रही है। अंत्योदय यानी समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय करना है। आज हरियाणा में जो पारदर्शी शासन है, बिना 'खर्ची-पर्ची' के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं और गांव - गांव तक जो विकास की गंगा बह रही है, जो अटल बिहारी के 'सुशासन' के सपने का ही विस्तार है। लाडवा क्षेत्र के विकास के लिए भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को रामकुंडी लाडवा में आयोजित अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



लाडवा। अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित करती उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, चेयरमैन सतीश मथाना, प्रदेश सचिव राहुल राणा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, सरपंच एसोसिएशन प्रदेश प्रधान जितेंद्र खैरा, पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार सैनी, नायब सिंह पटाक माजरा, पूनम सैनी, नरेंद्र सिंघल, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### एपीके फाइल और फर्जी लिंक से सावधान रहें : एडवोकेट अंकित



कुरुक्षेत्र। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य, कानूनविद् एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम जनता से नए साल के अवसर पर बढ़ रही साइबर ठगी को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नए साल के आसपास साइबर ठग सक्रिय हो जाते हैं और लोगों के मोबाइल पर हैप्पी न्यू ईयर, न्यू ईयर गिफ्ट, बधाई हो, आपको इनाम मिला है जैसे संदेश भेजते हैं। इन संदेशों के साथ अक्सर एपीके फाइल भेजी जाती है या फिर यह लिखा होता है कि इस लिंक पर क्लिक करें और गिफ्ट प्राप्त करेंह्व। ऐसे सभी संदेश पूरी तरह फर्जी होते हैं और इनका मकसद मोबाइल फोन को हैक करना तथा लोगों की निजी व बैंकिंग जानकारी चोरी करना होता है। उन्होंने बताया कि एपीके फाइल एंड्रॉयड मोबाइल में एप्लीकेशन इंस्टॉल करने की फाइल होती है। जब यह फाइल गूगल प्ले स्टोर के बजाय व्हाट्सऐप, एसएमएस या ई-मेल के माध्यम से भेजी जाती है, तो उसमें खतरनाक सॉफ्टवेयर हो सकता है। जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसी एपीके फाइल को खोलता या इंस्टॉल करता है, उसका मोबाइल फोन साइबर अपराधियों के नियंत्रण में जा सकता है। इसके जरिए ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, सोशल मीडिया अकाउंट, फोटो, कॉन्टैक्ट नंबर और अन्य निजी डाटा चोरी किया जा सकता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को कभी न खोलें।

### धुंध व सर्द हवाओं ने छुड़ाई कंपकपी

कुरुक्षेत्र। मंगलवार को सुबह आसमान में धुंध छाए रहने व सर्द हवाओं ने लोगों को कंपकपाने पर मजबूर कर दिया। जिले का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं के चलते सर्दी का तेवर अब कड़ा होने लगा है। मंगलवार को दिनभर शीतलहरी चली। इससे जनजीवन बेपटरी हो गया। वही दोपहर 12 बजे के बाद धूप निकलने पर लोगों ने कुछ राहत महसूस की। वही शाम को शीत लहर के चलते ठंड ने सताया। दूसरी ओर ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह लोग अलाव के सहारे ठंड गुजारते देखे जा रहे हैं। ठंड बढ़ने से कोल्ड डायरिया और उल्टी-दस्त, पेट के मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। सरकारी और निजी अस्पताल ठंड के मरीजों की भीड़ से पटने लगे हैं। डॉ. पवन बंसल ने कहा कि ऐसे मौसम में बचाव बेहद जरूरी है। ठंड हवाएं शीत लगने की वजह जल्दी बनती हैं। पेट से जुड़ी समस्याएं हों तो चिकित्सक से सलाह लें। हालांकि खेती-किसानी के लिहाज से बढ़ती ठंड को लाभदायक माना जा रहा है।



### श्रद्धालुओं ने की हनुमान जी की पूजा-अर्चना

कुरुक्षेत्र। प्रसिद्ध दुःखभंजन मंदिर में मंगलवार को हवन यज्ञ किया गया जिसमें वीर बजरंगी के भक्तों ने सबकी सुख-शांति के लिए पूर्ण आहुति डाली। वीर बजरंगी को सिंदूर व फूलों से सजाया गया। बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी ने कहा कि हनुमान जी प्रभु श्रीराम जी के चरणों में सदैव राम नाम का सिमरण करते रहते थे और हमें भी उनकी भक्ति से शिक्षा से लेकर ऐसे ही राम नाम का सिमरण करना चाहिए तभी हमारा उद्धार होगा। हनुमानजी ने जितने भी कार्य किए वह प्रभु श्रीराम जी का नाम लेकर ही किए और उन्हें अभिमान नही आया। कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना। तेरी शक्ति का क्या कहना, तेरी भक्ति का क्या कहना भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर ज्ञान चंद पराशर, कुलवंत सिंह भट्टी, मैनेजर एचके पाल, सुशील पुजारी, डा. सत्य नारायण शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, यशपाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, सुरेश अरोड़ा, गुलाब सिंह, जवाहर मौदगिल, संदीप मरवाह, मुन्ना तिवारी, श्याम बारना, दर्शन पुरी, मनोहर लाल खुंगर, दर्शन पाहवा आदि श्रद्धालु प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने जलबेहडा और नैसी का किया निरीक्षण, किसानों से की बातचीत

पिहोवा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गांव जलबेहडा से नैसी तक बाढ़ के पानी से बचाव के लिए विशेष प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके लिए किसानों के सहमति पत्र की जरूरत होगी। यह प्रस्ताव किसानों की सहमति के साथ ही तैयार किया जाएगा। इस क्षेत्र को हर वर्ष बरसाती पानी से होने वाले नुकसान को लेकर सरकार गंभीर है और इस समस्या का स्थाई समाधान करेगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सिंचाई विभाग की तरफ से तैयार किए गए एजेंडे पर चर्चा भी की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जलबेहडा व गांव नैसी और मारकंडा के आस-पास के प्रभावित क्षेत्रों का सिंचाई विभाग के साथ दौरा किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर ने विभाग की तरफ से भरवाए गए प्रस्तावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उपायुक्त के समक्ष सभी एजेंडों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन योजनाओं के आधार पर लोगों को बरसाती सीजन के दौरान बाढ़ के पानी से बचाया जा सकता है। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने उपरांत योजनाओं को अमलीजामा पहनाने पर अंतिम फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि बरसाती सीजन से पहले सभी योजनाओं पर काम शुरू कर दिया जाए और निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा भी कर लिया जाए।



## वाई ब्रेक काम के बीच योग से स्वास्थ्य और एकाग्रता में वृद्धि : डॉ. मंजू शर्मा

थानेसर। हरियाणा सरकार एवं आयुष निदेशालय पंचकूला के निर्देशानुसार एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा के नेतृत्व में सभी योग सहायकों द्वारा जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर ऑफिस में अधिकारी कर्मचारियों को योग प्रोटोकॉल वाई ब्रेक का अभ्यास करवाया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि मंगलवार को योग प्रोटोकॉल वाई ब्रेक प्रशिक्षण विभिन्न स्थानों पर योग सहायकों के माध्यम से दिया गया। जिला स्तर पर जिला राजस्व अधिकारी ऑफिस, एडीसी ऑफिस कुरूक्षेत्र, न्याब तहसीलदार ऑफिस थानेसर कुरूक्षेत्र, जिला स्तर पर योग सहायक रोहताश कुमार, मनजीत योग विशेषज्ञ, सब सेंटर मूर्तिजापुर शिवकुमार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोहार माजरा सोनिका द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस योग प्रोटोकॉल के प्रशंसा की गई। इस मौके पर एडीसी ऑफिस से एओ राजेश वालिया, एओ राजकुमार मलिक डीसी ऑफिस, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, नायब तहसीलदार ऑफिस से संजीव कुमार, पटवारी करमचंद, परमजीत सिंह, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार, रक्षित गुप्ता, अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## उपमंडल पिहोवा में 19 से 25 जनवरी तक मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सवः विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपायुक्त कुरुक्षेत्र विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव मनाया जाएगा। सभी विभाग अपने स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करें और अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को सफलतापूर्वक मनाएं। वे मंगलवार को उपमंडल पिहोवा के सरस्वती तीर्थ पर तैयारियों का जायजा लेने पंहुचे। इस मौके पर उनके साथ सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि पिहोवा में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव मनाया जाएगा। पिछले वर्षों की भांति इस बार भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सरस्वती महोत्सव में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को गीता जयंती की तर्ज पर मनाया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के लोगों द्वारा भ्रमण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को पिछले वर्षों से भी अधिक बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। सभी विभागों की लगातार बैठकों का आयोजन करके महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाने बारे चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी स्वदेशी चीजों के इस्तेमाल को काफी बढ़ावा देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा स्टॉल स्वदेशी सामान का होगा ताकि कारीगर के हुनर को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उपायुक्त ने पिहोवा में सरस्वती तीर्थ का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था, सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



## खबर संक्षेप

### 8 बोतल देसी शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल के सकराहो कट के पास से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुरजीत सिंह को 8 बोतल देसी शराब सहित काबू किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू किया। आरोपी के खिलाफ अब पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार उर्फ लाडी को गिरफ्तार किया है। देव समाज कॉलेज होस्टल के कमल दीप ने 28 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुनील कुमार ने देव समाज के होस्टल र के शौचालय की टोंटियां चोरी की हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या प्रयास का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज हत्या का प्रयास कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी जगतार सिंह उर्फ रिंकू व राजकुमार उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। सुंदरनगर के हरपाल सिंह ने 28 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 दिसंबर 2025 को आरोपी जगतार सिंह उर्फ रिंकू, राज कुमार उर्फ राजू, राम कुमार उर्फ बिट्टू व अन्य ने उससे तेजधार हथियार से मारपीट करके चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ओमेक्स ग्रीन ने समय पर फ्लैट का नहीं दिया कब्जा

**अंबाला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फ्लैट का समय पर कब्जा न देने और सेवा में कोताही बरतने पर मैसर्स ओमेक्स लिमिटेड के खिलाफ सख्त फैसला सुनाया है। आयोग ने कंपनी को आदेश दिया है कि वह शिकायतकर्ता को देरी के हर्जाने के रूप में 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए 6,58,807 रुपये 11.05 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करें। मानसिक उत्पीड़न और अदालती कार्रवाई के लिए 8,000 रुपये का मुआवजा तय किया गया। आयोग ने कंपनी को इन निर्देशों का पालन 45 दिनों के भीतर करने का आदेश दिया है। कंपनी ऐसा करने में विफल रहती है तो उसे पूरी राशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा। दरअसल अंबाला शहर की न्यू मॉडल कॉलोनी की अनुराधा थम्मन और उनकी सहयोगी तनुश्री रस्तोगी ने 15 मई 2022 को ओमेक्स ग्रीन, झरमड़ी (डेराबस्सी) में एक फ्लैट बुक किया था। इसके लिए उन्होंने विभिन्न किस्तों में कुल 44,69,716.18 रुपये कंपनी के पास जमा कराए थे। 13 जुलाई 2022 को हुए विक्रय समझौते के अनुसार कंपनी ने दिसंबर 2023 तक फ्लैट का भौतिक कब्जा देने का आश्वासन दिया था। मगर कंपनी ने ऐसा नहीं किया। इसी वजह से महिलाओं की ओर से आयोग में दावा दायर किया गया था। इस दावे पर अब फैसले के जरिए ओमेक्स ग्रीन के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### आपात मीटिंग में ज्यादातर सदस्यों ने निकाली भड़ास

# नगरपालिका ऑफिस पर ताला लगाने से पीछे हटे चेयरमैन

अफसरों पर भी फूटा गुस्सा, विकास में सहयोग पर विरोध से पलटे चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


बराड़ा। बैठक में हिस्सा लेते सदस्य, अधिकारी व चेयरमैन। फोटो: हरिभूमि

चेयरमैन रजत मलिक ऐन मौके पर मंगलवार को नगरपालिका ऑफिस पर ताला लगाने से पीछे हट गए। मजे की बात है कि मलिक पर नपा के कई सदस्यों ने ही उन पर अनदेखी के आरोप लगा दिए। कई सदस्यों का आरोप था कि चेयरमैन उनके वार्डों में विकास को तरजीह नहीं दे रहे हैं।

इस मुद्दे पर एक बारगी तो जमकर बहस हुई। कई सदस्यों ने अफसरों पर जमकर गुस्सा निकाला। फिलहाल कस्बे के विकास में सहयोग का आश्वासन मिलने के बाद चेयरमैन विरोध से पीछे हट गए।

#### अचानक बुलाई मीटिंग

नगरपालिका ऑफिस पर ताला लगाने के लिए चेयरमैन समेत कई सदस्य मौके पर पहुंच गए थे। सुबह साढ़े दस बजे सभी सदस्यों की एक आपात बैठक बुला ली।

बैठक में नपा सदस्य गुरजिंदर कौर, प्रवेश मेंहदीरत्ता, दिव्या कपूर, दिग्विजय राणा, विजय छाबड़ा, विजय राणा, प्रतिनिधि दीपक राणा, साहिल चावला, हरभजन सिंह, प्रतिनिधि विजय पाल, शमशेर सिंह, संदीप कोहरा, अमित मक्कड़, पवन कुमार के अलावा नगरपालिका सचिव मोहित सैनी, जेई भंवर सिंह, एमई प्रीतपाल सिंह, राहुल कुमार, विमल सिंह, मनीष व कर्मचारी भी मौजूद रहे। करीब डेढ़ घंटा चली बैठक में लंबित विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी, स्ट्रीट लाइट, नालियों की सफाई तथा अन्य जनहित कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान सभी 16 वार्डों के सदस्यों ने भी खुलकर अपनी बात रखी। कई ने नगर पालिका के कर्मचारियों व अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि आम जनता को कार्यालय के चक्कर कटवाए जा रहे हैं लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़ रहीं। कुछ का कहना था कि इस स्थिति से नगरवासियों में भारी नाराजगी है। इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

#### अनदेखी के आरोप लगाए

इस दौरान कुछ सदस्यों ने चेयरमैन रजत मलिक पर भी अनदेखी के आरोप लगाए। उनकाकहना था कि कुछ वार्डों के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि अन्य वार्डों की समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। जब उनके वार्ड में कोई विकास कार्य किया जाता है तो वहां के सदस्य से न तो कोई सलाह ली जाती है और न ही विकास कार्यों को पूर्ण होने पर सत्यापित करवाया जाता है। इसी मुद्दे को लेकर बैठक में कई बार माहौल गर्म हुआ। सदस्यों, अधिकारियों व चेयरमैन के बीच तीखी नोकझोक भी देखने को मिली। मीटिंग में अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी जनहित कार्यों को मिलजुलकर प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं है बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली में सुधार लाना है। यदि भविष्य में फिर से लापरवाही सामने आई तो वे प्रदर्शन से पीछे नहीं हटेंगे।


बराड़ा। स्कूली बच्चों को कॉपियां देते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### रोटरी क्लब ने निभाई अहम भूमिका

## 90 जरूरतमंद छात्रों को बांटी अध्ययन सामग्री

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंबास के विद्यार्थियों को दी कॉपियांऔर किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

रोटरी क्लब द्वारा समाज सेवा की भावना के तहत क्षेत्र के विद्यालयों में निशुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय कंबास एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंबास के विद्यार्थियों को कॉपियां वितरित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 90 विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री प्रदान की गई जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और कहा कि शिक्षा ही जीवन को सही दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है।

#### सेवा कार्य जारी रहेंगे

उन्होंने आश्वासन दिया कि रोटरी क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित व शिक्षा-प्रोत्साहन से जुड़े सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। इस अवसर पर राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुख्याध्यापक बरखा राम ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सहायता से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने क्लब के इस प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब की ओर से दिलप्रीत सिंह, राजकुमार सांगवान, पूर्ण चंद, साहिल वर्मा, गुनविंद्र सिंह, साहिल शर्मा, ओमपाल, रविंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने रोटरी क्लब बराड़ा के इस जनकल्याणकारी कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते आभार प्रकट किया।

## निगम की कार्यशैली पर उठाया सवाल

- पुलिस ने मामले की जांच शुरू, डेढ़ साल निगम के चक्कर काटने के बावजूद नहीं मिली थी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर निगम के रिकॉर्ड में हेराफेरी कर एक कारोबारी की संपत्ति दूसरे के नाम दर्ज करने के मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डेढ़ साल तक निगम के दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद पीड़ित को न्याय नहीं मिला। एएसपी ने पीड़ित कारोबारी को सोमवार को अपने कार्यालय बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। मानव विहार के कारोबारी अनूप अग्रवाल (58) के पास 128.190 गज की एक व्यावसायिक संपत्ति थी। उन्होंने इसमें से 67 गज हिस्सा वर्ष 2023 में सुरेश अरोड़ा व अन्य को सेल रजिस्ट्री के माध्यम से बेचा था। नियमानुसार बाकी बची 61.190 गज जमीन का मालिकाना हक अनूप अग्रवाल के पास ही रहना चाहिए था। जब अनूप अग्रवाल ने नगर निगम के रिकॉर्ड की जांच की तो पाया कि नगर निगम के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर उनकी पूरी की पूरी संपत्ति आईडी सुरेश अरोड़ा व अन्य के नाम कर दी है। आरोप है कि इसमें नगर निगम के एक क्लर्क, एमई और पूर्व एक्सईएन की भूमिका संदिग्ध है। पीड़ित का आरोप है कि पिछले एक से डेढ़ साल तक नगर निगम के अधिकारी उन्हें जांच के नाम पर केवल आश्वासन देते रहे।

#### पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई

17 नवंबर को जॉइंट कमिश्नर ने नोटिस जारी कर सभी पक्षों को बुलाया लेकिन सुनवाई बेनतीजा रही। 26 नवंबर को अगली पेशी पर जब पीड़ित कार्यालय पहुंचे, तो जॉइंट कमिश्नर छुट्टी पर थे। दफ्तर में सिर्फ सिक्योरिटी गार्ड तैनात थे। नगर निगम की कार्यप्रणाली से निराश होकर अनूप अग्रवाल ने हार नहीं मानी। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री और डीजीपी हरियाणा को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। उच्च स्तर से दबाव बढ़ने के बाद अब पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की थी। दूसरी तरफ नगर निगम के अधिकारी इस मामले को साधारण बताते हुए समाधान की बात कह रहे थे।

### हाथ सेंकते समय आग से झुलसी बुजुर्ग महिला

**अंबाला।** अंबाला छावनी के बंधु नगर में दोपहर एक हृदयविदारक हादसा सामने आया। यहां 80 वर्षीय अनसूया देवी अपने घर पर अकेली थीं। दोपहर करीब 12 बजे वह घर के बरामदे में तसले में लकड़ियां जलाकर बिस्तर पर लेटी हुई हाथ सेक रही थीं। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ी। जलती आग उनकी चपेट में आ गई। गिरते ही उनके कपड़ों में आग लग गई और कुछ ही पलों में पूरा शरीर झुलसने लगा। आग की तपिश से तड़पती बुजुर्ग महिला चीखने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाकर उन्हें गंभीर हालत में छावनी नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार बुजुर्ग का करीब 90 प्रतिशत शरीर झुलस चुका था। हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया।

छह से सात मकान मालिकों को नोटिस जारी

## गली से सात दिन में अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी

- दस-दस फुट रैंप के जरिए गली पर कई लोगों ने किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

महेश नगर इलाके में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने कड़ा रुख अपना लिया है। परिषद ने महेशनगर में रहने वाले छह से सात मकान मालिकों को नोटिस जारी कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर सात दिनों के भीतर सड़क पर बना अवैध रैंप नहीं हटाया गया तो विभाग उसे अपने स्तर पर ध्वस्त कर देगा। इसका खर्च भी संबंधित व्यक्ति से ही वसूला जाएगा। इस कार्रवाई का स्थानीय निवासियों ने विरोध शुरु कर दिया है, उनका कहना है कि गली में 20 के करीब रैंप बने हुए हैं लेकिन उनके रैंप तोड़ने का ही नोटिस दिया गया है जोकि गलत है। नगर परिषद की ओर से महेश नगर के जोगिंदर सिंह, मंजीत सिंह, अंजु गुप्ता, लोकेश व राजरानी सहित कुछ अन्य व्यक्तियों को जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने नगर परिषद की जमीन/गली में करीब पांच से 10 फीट का अवैध रैंप बनाकर अतिक्रमण किया है। परिषद ने इस कार्रवाई को हरियाणा म्युनिसिपल एक्ट, 1973 की धारा 181 का उल्लंघन माना है। नप के अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा है कि अतिक्रमण हटाने के लिए मकान मालिक को 7 दिन का समय दिया गया है। यदि इस समयावधि में रैंप को नहीं हटाया जाता, तो परिषद की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर इसे गिरा देगी।

#### नोटिस जारी

किसी को रैंप से कोई समस्या नहीं है, बावजूद इसके एक विशेष व्यक्ति की तरफ से दी गई शियत पर नोटिस जारी कर दिए गए, यह गलत है। उध नगर परिषद के ईओ देवेंद्र नरवाल ने कहा कि शहर की गलियों और मुख्य रास्तों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महेश नगर में शिकायत के आधार पर यह नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय के बाद परिषद बिना किसी पूर्व सूचना के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर देगी।

## शीतलहर के कारण बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नए साल पर बूंदाबांदी होने की संभावना

जिले में मंगलवार को को भी शीतलहर का कहर देखने को मिला। इससे वातावरण में ठिठुरन बनी रही। सुबह से ही कोहरे के साथ ही बादल छाए रहे। इस कारण ज्यादा धूप भी नहीं खिल पाई। दिन के साथ ही रात भी ज्यादा ठंडी होने लगी हैं। बीते 28-29 दिसंबर की रात भी सबसे ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। पिछले वर्ष 29 दिसंबर की बात करें तो बारिश होने से ठंड ज्यादा बढ़ गई थी। इस वजह से अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। इस बार अभी तक बारिश नहीं हुई है हालांकि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को बारिश हो सकती है। ऐसे में नए वर्ष के पहले सप्ताह में भी ठंड सता सकती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 2 जनवरी तक परिवर्तनशील रह सकता है। इस दौरान 30 दिसंबर को शीतलहर चलने की संभावना है। 31 दिसंबर से एक और पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 दिसंबर रात्रि से 1 जनवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बादलवाई रह सकती है। इससे कहीं-कहीं छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है।

## संविधान का नया प्रारूप सर्वसम्मति से किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

समाधान संस्था की केंद्रीय समिति की बैठक अध्यक्ष अमरनाथ धीमान की अध्यक्षता में बड़ी बसी में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक में आवश्यक संशोधनोपरांत संस्था के संविधान का नया प्रारूप सर्वसम्मति से पारित हुआ। संस्था के पदाधिकारियों का अगला चुनाव मतसंग्रह विधि से आमसभा की बैठक में मार्च में होगा जिसमें 50प्रतिशत से अधिक सदस्यों का समर्थन प्राप्त करने वाले पदाधिकारी चुने जाएंगे। पदाधिकारियों पर राइट टू रिकॉल का नियम भी लागू होगा।


शहजादपुर। मीटिंग में हिस्सा लेते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

संस्था द्वारा मार्च तक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सदस्यता शुल्क 100 रुपये निश्चित किया गया। संस्था की केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों अर्पित अनाम, डॉ. विनोद शर्मा, रविंद्र मोहन, राजेश वर्मा, भूपेंद्र कपूर, रूपेंद्र पासी आदि ने भाग लिया।

## कार चालक की लापरवाही से हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुर्तगाल में पीआर के बाद घर आया था संजीत

पुर्तगाल से अंबाला आकर सड़क हादसे का शिकार हुए संजीत कुमार का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पूर्व सरपंच का बेटा संजीत कुमार चार साल बाद पुर्तगाल में पक्का होने के बाद अपनी पत्नी व दो बेटियों से मिलने के लिए अंबाला आया था। वह पुर्तगाल में सोलर की फिटिंग का काम करता था। अंबाला कैंट थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। अंबाला कैंट थाना पुलिस को दी शिकायत में करणपुरी के बजरंग लाल ने बताया था कि बेटा संजीत कुमार चार साल से पुर्तगाल में रहता था। 9 अक्तूबर को वह इंडिया घर पर मिलने के लिए आया हुआ था। 8 जनवरी को विदेश वापस जाना था। 25 दिसंबर को सदर बाजार में क्रिसमस का मेला देखने के लिए सदर बाजार गया था। वह बेटे को लेकर घर आ रहा था। जैसे ही बेटा एक्टिवा पर नमस्ते चौक पर पहुंचा कार की टक्कर के बाद वह अनियंत्रित होकर गिर गया। बेटे के ज्यादा चोटें लगने के बाद कार चालक मौके से भाग गया। बेटे को रोटरी अस्पताल से चंडीगढ़ सेक्टर-12 रेफर कर दिया था। 28 दिसंबर को उपचार के दौरान बेटे संजीत कुमार की मृत्यु हो गई थी। अब पुलिस आरोपी कार चालक को तलाश रही है।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नो नशा नेशन अभियान के तहत 100 कुंडीय यज्ञ में भी शिक्षको के साथ छात्रों ने डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉक्टर पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के उत्साहपूर्ण नेतृत्व में डीएवी स्कूल नारायणगढ़ द्वारा नशे के विरुद्ध 'नो नशा नेशन' कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसमें धर्मपाल शास्त्री के मार्गदर्शन में 100 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आरपी राठी की अध्यक्षता में यह भव्य आयोजन प्रातः 11 बजे कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों में नेहा शर्मा(सरपंच ) सतीश भारद्वाज(सरपंच बपौली) , भाविप व आरएसएस सदस्य प्रवीण , अशोक कुमार( एसएचओ शहजादपुर )ब्राह्मण सभा के सदस्य ,आर्य समाज ,डॉक्टर हरविंदर कौर आदि मौजूद रहे।


शहजादपुर। 100 कुंडीय यज्ञ में हिस्सेदारी करते छात्र। फोटो: हरिभूमि

#### नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

स्टाफ सदस्यों के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति संबंधी बैनर हाथ में लेकर नारे लगाते हुए कम्यूनिटी सेंटर तक गए,जहां पर विधिवत 100 कुंडीय हवन आयोजित किया गया । प्रधानाचार्य ने गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प मालाएं भेंट की व ओउम का पटका पहनाकर स्वागत किया । नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई ।

### संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में भव्य विदाई समारोह का किया आयोजन

प्रिंसिपल ने नम आंखों से छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

## बारहवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई विश्वमीत बना लोकप्रिय छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा


बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह को "जिप जैप जूम विदाई समारोह 2025" नाम दिया गया। कार्यक्रम उत्साह, उमंग और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। समारोह का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या वरिंदर कौर, उप-प्रधानाचार्य हरविंदर सिंह एवं प्रशासनिक स्टाफ के सदस्यों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न सम्मान उपाधियां प्रदान की। इसी क्रम में कक्षा ग्यारहवीं नॉन मेडिकल, मेडिकल एवं कला वर्ग के विद्यार्थियों ने कक्षा बारहवीं नॉन मेडिकल, मेडिकल एवं कला वर्ग के विद्यार्थियों को भी अलग-अलग उपाधियाँ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इनमें विभिन्न प्रकार के नृत्य शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों में भाग लिया, जिनके विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों का चयन किया गया। सभी चयनित विद्यार्थियों को सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

#### समारोह भावुक वातावरण में संपन्न

कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या वरिंदर कौर ने नम आंखों से कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है और आशा है कि वे जीवन में सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। समारोह भावुक वातावरण में संपन्न हुआ।